केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर

कक्षा 1 (सत्र-2023-24) में प्रवेश सम्बन्धी सूचना

1. कक्षा 1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 27/03/2023 को सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा |

2. कक्षा 1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 17/04/2023 को शाम 07:00 बजे समाप्त होगा |

3. कक्षा 1 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन सम्बन्धी अन्य जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएँ -

https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in/

4. कृपया **यहाँ** पर उपलब्ध के.वि.सं के प्रवेश नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर इनसे भलीभाँति परिचित हों जायें। आवेदन पत्र स्वयं ही भरें |

5. आपको सलाह दी जाती है कि एक बच्चे के लिए एक ही विद्यालय में कई आवेदन जमा न करें।

6. आवेदन पत्र को सुचारू रूप से एवं त्वरित भरने के लिए, कृपया निम्नलिखित तैयार रखें:

i. भारतीय सिम कार्ड वाला एक मान्य मोबाइल नंबर,

ii. एक वैध ईमेल पता,

iii. प्रवेश के इच्छुक बच्चे का एक डिजिटल फोटोग्राफ या फोटो का स्कैन (अधिकतम 256KB साइज का JPG फ़ाइल),

iv. बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र का स्कैन (अधिकतम 256KB का JPEG या PDF फ़ाइल),

v. यदि आप आर्थिक रूप से कमजोर/ गरीबी रेखा के नीचे (ई डबल्यू एस /बी पी एल) वर्ग के अंतर्गत आवेदन कर रहे हैं, तो राज्य सरकार के सक्षम आधिकारी द्वारा जारी ई डबल्यू एस (EWS) /बी पी एल का प्रमाण पत्र होना चाहिए|

vi. राज्य सरकार के सक्षम आधिकारी द्वारा बच्चे के नाम पर जारी जाति (Caste) प्रमाण पत्र | यदि बच्चे का प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में प्रवेश के प्रयोजन हेतु माता अथवा पिता के प्रमाण-पत्र को आरंभ में स्वीकार कर लिया जाए। किन्तु बच्चे से संबंधित प्रमाण पत्र प्रवेश की तारीख से 03 महीने की अवधि के भीतर जमा करना होगा।

vii. अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ OBC (Non creamy layer) प्रमाण-पत्र यदि माता पिता के नाम पर है तो केंद्र/राज्य सरकार के नियमानुसार अद्यतन (Latest) होना चाहिए |

viii. माता / पिता के स्थानांतरण का विवरण जिनकी सेवा श्रेणी (यदि लागू है) का आवेदन पत्र में उपयोग किया जाना है।

7. आवेदन पत्र भरने के बाद, इसे "सबमिट एप्लीकेशन" (आवेदन जमा करें) बटन पर क्लिक करके जमा करना होगा।
8. एक बार आवेदन पत्र जमा हो जाने और एप्लीकेशन सबमिशन कोड प्राप्त होने के बाद, जमा किए गए आवेदन फॉर्म को संशोधित (Edit) नहीं किया जा सकता है।
9. इकलौती कन्या संतान (एस जी सी) श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश के लिए आवेदन हेतु अभिवावकों को ऑनलाइन आवेदन फार्म और पोर्टल में अपेक्षित सभी आवश्यक दस्तावेजों को किसी अन्य प्रवेश आवेदन की तरह ही जमा करना होगा।
10 केवल पंजीकरण और आवेदन फॉर्म जमा करने मात्र से ही बच्चे को प्रवेश का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। प्रत्येक विद्यालय द्वारा उपलब्ध सीटों के आधार पर और केविसं दिशानिर्देशों के अनुसार , आवेदन विवरणों की जांच के बाद और प्रवेश के समय सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत किये जाने के बाद ही, प्रवेश दिया जाएगा।